>

Title: Request government for the implementation of Ayushmaan Bharat Scheme in private hospital for the people of Katihar, Bihar.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम हैदराबाद में जो घटना घटी है, उसके लिए मैं अपनी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) की तरफ से घोर निंदा करता हूं ।

मैं अति लोक महत्व के विषय पर आपके माध्यम से सदन का आकृष्ट करना चाहता हूं । 'आयुष्मान भारत' जो केंद्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है, इसमें लाभार्थियों का नाम आर्थिक सूचकांक के आधार पर लिया जाता है । इसमें बीपीएल परिवार को पाँच लाख रुपये का चिकित्सा लाभ दिया जाता है । लेकिन, इसमें कुछ विसंगति रह गई है । यदि बीपीएल परिवार के मुखिया से अलग कोई परिवार बसा हुआ है तो वह नया परिवार, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इससे वंचित रहता है । ये परिवार इस लाभ से वंचित न हो, इसलिए इनको भी इस लाभ से जोड़ा जाए ।

दूसरा, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह योजना उन राज्यों में सफल है, जहां सरकारी अस्पताल या ट्रस्ट के माध्यम से अस्पताल चलते हैं । लेकिन, निजी अस्पतालों में इसका सही ढंग से पैनल नहीं बनता है और न ही सही ढंग से लोगों को शामिल किया जाता है । ये अस्पताल इलाज करने से भी इग्नोर करते हैं । अतः सरकार कुछ ऐसे नियम बनाएं ताकि निजी अस्पताल भी लोगों को इसका लाभ दें । यह एक महत्वपूर्ण योजना है, इसीलिए मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को अच्छी तरह से चलाया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिले ।